मुख्यालय
उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
"गौरा देवी पर्यावरण भवन"
46बी, आई.टी. पार्क, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून
E-mail : msukpcb@yahoo.com, दूरभाष: 0135-2607092

कार्यालय आदेश

भारत सरकार द्वारा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत अधिसूचित बैटरी अपशिष्ट प्रबन्धन नियम, 2022 के अन्तर्गत बैटरी रिसाईक्लर्स के दायित्व प्रख्यापित हैं। साथ–ही–साथ केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा बैटरी रिसाईक्लिंग हेतु मानक प्रचलन पद्धति (SOP) बनायी गयी है।

उक्त के समुचित क्रियान्वयन हेतु उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की 30वीं बैठक दिनांक 27.02.2023 में राज्य में स्थापित/संचालित बैटरी रिसाईक्लिंग उद्योगों के सम्बन्ध में निम्नवत् निर्णय लिया गया:–

1. राज्य में स्थापित होने वाले नये बैटरी रिसाईक्लिंग उद्योगों को रोटरी क्लिन फर्नेस स्थापित करने की दशा में ही जल अधिनियम/वायु अधिनियम के अन्तर्गत CTE (स्थापनार्थ सहमति) निर्गत करने पर विचार किया जायेगा।
2. वर्तमान में बैटरी रिसाईक्लिंग हेतु संचालित ऐसे उद्योग, जो मंदिर भट्टी प्रक्रिया पर स्थापित/संचालित हैं, को दिनांक 31.03.2024 तक रोटरी क्लिन फर्नेस में परिवर्तित करना होगा। उक्त अवधि में राज्य के ऐसे बैटरी रिसाईक्लर्स, जो मंदिर भट्टी प्रक्रिया पर आधारित हैं, को पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन व केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मानक प्रचलन पद्धति (SOP) का अनुपालन करते हुये जल अधिनियम/वायु अधिनियम के अन्तर्गत CTO (संचालनार्थ सहमति) प्राप्त करते हुये ही संचालित हो सकेंगें।

उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

(एस0के0 पटनायक)
सदस्य सचिव

यूकेपीसीबी/एच0ओ0/सा0–06/30वीं बो0बै0-35, दिनांक 06.04.2023

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. प्रमुख सचिव, वन एवं पर्यावरण, उत्तराखण्ड शासन/अध्यक्ष, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, देहरादून।
2. सचिव, उद्योग विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. सचिव, पर्यावरण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
4. वित्त नियंत्रक, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड।
5. मुख्य पर्यावरण अधिकारी, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बोर्ड मुख्यालय, देहरादून।
6. समस्त पर्यावरण अभियन्ता/वैज्ञानिक अधिकारी, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बोर्ड मुख्यालय, देहरादून।
7. समस्त क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, देहरादून/हल्द्वानी/काशीपुर/रूड़की।
8. आई0टी0 सेल को उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वैबसाईट में अपलोडिंग करने हेतु निर्देशित।
9. गार्ड फाईल।

5/4/23
सदस्य सचिव